अर्धवार्षिक परीक्षा

कक्षा – दसवीं **V**

विषय– सामाजिक विज्ञान

समय – 3 घंटे पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

प्रश्न 1. अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – 5

1) भारत में सर्वाधिक भूमि पर किस ऋतु में फसलें बोई जाती है–
   अ) खरीफ ब) रबी
   स) जायद द) सभी ऋतु में एक समान

2) ब्याज की दर किस खाते में अधिक होती है –
   अ) बचत खाता ब) चालू खाता
   स) स्थाई जमा खाता द) इनमें से कोई नहीं

3) सबसे पहले व्यापार का साधन था –
   अ) कार्ड ब) वस्तु विनिमय स) नोट द) धन

4) गुट निरपेक्ष की नीति के बाद भी भारत का दृढ़ संबंध किस देश से बना–
   अ) अमेरिका ब) सोवियत रुस स) चीन द) पाकिस्तान

5) फासीवाद का संस्थापक था–
   अ) हिटलर ब) मुसोलिनी स) जापान द) राष्ट्रसंघ

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – 5

1) जर्मनी की सेना को पहली बार ----- में हार का सामना करना पड़ा ।
2) मोटर गाड़ी उद्योग भारत के ----- और ----- प्रदेशों में स्थित है ।
3) ----- में सरकार की आय का विवरण होता है ।
4) भारत की राजभाषा ----- है ।
5) वैज्ञानिक तकनीक से कृषि और अनाज उत्पादन में वृद्धि को ----- क्रांति कहा गया ।

https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 3. अतिलघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10

1) जवाहरलाल नेहरु ने विदेश नीति के रुप में कौन–कौन से मुख्य सिद्धांत स्थापित किये ?
2) आयात कर और निर्यात कर में अंतर लिखिए ।
3) भारत में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाला धात्विक खनिज क्या है ?
4) कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिये क्या–क्या किए जा सकते हैं ?
5) कृषि–भूमि के कम होने से क्या होगा ?

प्रश्न 4. लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – (कोई 5) 15

1) सरकार सार्वजनिक सुविधा क्यों उपलब्ध कराती है ?
2) महिलाओं की बेहतर शिक्षा के लिये क्या–क्या उपाय करना चाहिये ?

3) आपातकाल क्या है ? 1975-77 के बीच आपातकाल में शासन ने क्या-क्या अलोकतांत्रिक कार्य किये ?

4) डूमा एक सफल लोकतांत्रिक संसद क्यों नहीं बन पायी ? इसके कारणों का विश्लेषण कीजिए ।

5) सैनिकों की दशा सुधारने के लिये क्या-क्या कदम उठाये जा सकते हैं ?

6) पन बिजली और ताप बिजली में क्या अंतर है ?

प्रश्न 5. दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 10

1) पिछले पचास वर्षों में उद्योग विकसित देशों से विकासशील देशों में क्यों पलायन कर गए ? उदाहरण सहित उत्तर दें ।

अथवा भारत की संविधान सभा ने संविधान निर्माण में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिये क्या-क्या किया ?

2) भूमि प्रबंधन के उपायों को स्पष्ट कीजिए ।

अथवा रूस में सन् 1905 से 1940 के बीच लोकतंत्र के विकास की समीक्षा कीजिए । https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 6. उचित संबंध जोड़िए- 5

1) कोयले का विकल्प	-	ऐल्युमिनियम
2) भविष्य की ऊर्जा	-	रासायनिक खाद से
3) बाक्साइड से प्राप्त	-	परिवर्तित चट्टान
4) मिट्टी प्रदूषण	-	सौर ऊर्जा
5) संगमरमर	-	परमाणु ऊर्जा